हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 10 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

एसईसीएल की रेटिंग में आई गिरावट
एक्सीलेंट से वेरी गुड श्रेणी में पहुंची कंपनी

3





## खबर संक्षेप

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आज

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए की तैयारी कराई जाती है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि, समय तथा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है जिसके तहत प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अवधि 10 मई को प्रातः 9:30 बजे तक, प्राक्चयन परीक्षा तिथि 10 मई परीक्षा केंद्र में प्रवेश एवं ओएमआर शीट भरनाः प्रातः 9:30 से 10 बजे तक एवं परीक्षा समयः प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित की गई हैं।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 10 से 31 मई तक संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकती हैं। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीराम जायसवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 5 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। ग्राम हरदी, बलौदा के ग्राम पहरिया, बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा, नवागढ़ के ग्राम बरगांव तथा पामगढ़ के ग्राम ससहा में विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण बालिकाएं आवेदन कर सकती हैं।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया 12 को

**हसौद।** जैजैपुर अंतर्गत हसौद में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, हसौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली अंग्रेजी माध्यम की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि पहले 5 मई निर्धारित थी। अब शासन के निर्देशानुसार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से लॉटरी प्रणाली के माध्यम से संपन्न की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया द्वारा 12 मई 2026 को प्रातः 9 बजे विद्यालय परिसर में किया जाएगा।

### आबकारी विभाग ने दबिश देकर आरोपी से जब्त किए महुआ शराब

**सक्ती।** आबकारी वृत्त सक्ती द्वारा वार्ड नंबर 18 स्टेशन पारा में शराब कारोबारी पर कार्वाई करते हुए एक युवक के कब्जे से 11 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। मामला सक्ती जिले का है। आबकारी वृत्त सक्ती में आबकारी अपराध नियंत्रण की गश्त दौरान 9 मई को मुखबिर द्वारा वार्ड नंबर 18 स्टेशनपारा सक्ती में अवैध शराब के भंडारण की सूचना मिली। टीम ने मुखबिर की सूचना पर दीपचंद सतनामी उर्फ संजू पिता अजयराम उम्र 50 वर्ष के घर में दबिश दी। एक सफेद कपड़ा के थैला में एक प्लास्टिक पन्नी में भरा 5 लीटर महुआ शराब और 30 नग प्लास्टिक पाउचों में प्रत्येक में 200-200 मिली भरा 6 लीटर कुल मात्रा 11 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया।

## 11 मई से प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया, 1 जून को होगा मतदान

# नगर पंचायत बम्हनीडीह में पहले चुनाव को लेकर चढ़ा सियासी पारा, शुरू हुआ नेताओं के वादों और दावों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के प्रथम नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा चुकी है। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद से ही अध्यक्ष और पार्षद पद के संभावित प्रत्याशियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। गली मोहल्लों से लेकर चौक चौराहों तक चुनावी चर्चा शुरू हो चुकी है। संभावित प्रत्याशी लगातार लोगों के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। चुनाव की प्रक्रिया 11 मई से शुरू होगी और 1 जून को मतदान होगा।

ज्ञात हो कि फरवरी 2025 में हुए नगरीय निकाय चुनाव के ठीक बाद अस्तित्व में आए नगर पंचायत बम्हनीडीह में अब चुनाव होने वाला है। नगर पंचायत के 15 वार्डों में इस बार चुनाव होना है, जिसको लेकर अब माहौल भी बनने लगा है। गली मोहल्लों से लेकर चौक चौराहों तक चुनावी चर्चा शुरू हो चुकी है। संभावित प्रत्याशी लगातार लोगों के बीच पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जनता भी इस बार नगर विकास को मुख्य मुद्दा मानकर चुनावी माहौल को गंभीरता से देख रही है। चुनावी तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और हर वार्ड में अलग अलग समीकरण बनने लगे हैं । चुनाव की प्रक्रिया 11 मई से शुरू होगी। वहीं 1 जून को मतदान होगा। नगर पंचायत बम्हनीडीह चुनाव के लिए निर्वाचन अधिसूचना 11 मई को सुबह 10:30 बजे जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी जो 18 मई दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 19 मई को की जाएगी जबकि 21 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गई है। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान 1 जून को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके बाद 2 जून को खंड मुख्यालय स्तर पर मतगणना होगी जबकि 4 जून को परिणाम घोषित किए जाएंगे। नगर पंचायत बनने के बाद यह पहला चुनाव होने जा रहा है, इसलिए हर वार्ड में नेताओं की सक्रियता पहले से ज्यादा बढ़ गई है। संभावित पार्षद प्रत्याशी लगातार घर घर पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। वार्डों में बैठकों और जनसंपर्क का दौर शुरू हो चुका है। युवा वर्ग भी इस बार चुनाव को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहा है। कई नए चेहरे भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं जिससे मुकाबला रोचक होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं नगर के मतदाता इस बार विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहे हैं।

### चुनावी वादों की भरमार, शुरू हुई लोकलुभावन घोषणाएं

चुनाव तारीख सामने आने के बाद से नगर में नेताओं और संभावित प्रत्याशियों द्वारा तरह तरह के वादे किए जाने लगे हैं। कोई पूरे नगर में नई स्ट्रीट लाइट लगाने की बात कर रहा है तो कोई सफाई व्यवस्था सुधारने और नाली निर्माण कराने के दावे कर रहा है। कई जगहों पर पानी, सड़क और बिजली जैसे मुद्दों को लेकर भी बड़े बड़े वादे किए जा रहे हैं। इधर पहले नगर पंचायत चुनाव को लेकर नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद अब क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलनी चाहिए सड़क, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और नाली व्यवस्था जैसे मुद्दे इस बार चुनाव में अहम भूमिका निभा सकते हैं । नागरिकों का मानना है कि इस चुनाव में ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन होना चाहिए जो वास्तव में नगर के विकास के लिए काम करें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें ।




### जगह-जगह पर फाल्ट, घंटों सप्लाई हो रही बाधित

# मौसम के साथ बिगड़ी बिजली की सेहत शहर से गांव तक चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जेठ के महीने में मौसम के बदले मिजाज ने बिजली की सेहत बिगाड़ दी है। इन दिनों आंधी और बारिश का नजारा दिख रहा है। इधर मौसम के बदलते ही बिजली व्यवस्था भी चरमराने लगी है। शनिवार की शाम भी आंधी और बारिश हुई। इसके साथ ही जगह जगह पर फाल्ट आने से बिजली सप्लाई बाधित रही। जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव में बिजली आपूर्ति घंटो बाधित रही।

जेठ के महीने में तपती दोपहरी और भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहते है। इस बार भी शुरूआती दिनों में सूरज की तपन लोगों को व्याकुल करती रही। इधर पिछले कुछ दिनों से मौसम के मिजाज में बदलाव देखा जा रहा है। बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो रही है। शनिवार 9 मई को भी शाम के बाद आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज आधियां चलने लगी। वहीं हल्की बूंदाबांदी के बाद बारिश शुरू हो गई। जिला मुख्यालय से लेकर गांव गांव तक आंधी और बारिश का नजारा दिखा। इधर तेज आंधी से जगह जगह पर पेड़ों की शाखाएं और बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हुए। आंधी के बाद विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई जगह पर बिजली के तार टूटने से सप्लाई ठप हो गई। जिला मुख्यालय जांजगीर में भी शाम 6 बजे से बिजली गुल हुई। इसके बाद विद्युत अमला फाल्ट ढूंढने निकला। रात तक अलग अलग क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देर रात तक बिजली की सप्लाई बाधित रही। बारिश और अंधेरे के चलते लोग जहरीले जीव जंतुओं के डर से घरों में दुबके रहे।

### धान की फसलों को हो रहा नुकसान



जिले में किसानों ने बडे पैमाने पर ग्रीष्मकालीन धान की खेती की है। वर्तमान में धान की फसलों में बालियां आ रही है। कई जगहों पर फसल पककर तैयार हो गई है। ऐसे समय में अंधड चलने से धान की खड़ी फसल पूरी तरह से गिर जा रही है। खड़ी फसल के गिरने से किसानों को नुकसानी का डर सताने लगा है। इधर पिछले कुछ दिनों से आंधी और बारिश होने के कारण फसलों में कीट प्रकोप भी देखा जा रहा है। खासकर भूरा माहो और तनाछेदक इन दिनों फसलों पर प्रकोप बनते नजर आ रहे है। जिसका सीधा असर धान की पैदावारी पर पडेगा। अंतिम दिनों में किसान अब फसल को बचाने के लिए मशक्कत करते नजर आ रहे है।

# करही गोलीकांड, पीड़ित परिवार ने आईजी से लगाई गुहार

## 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में 23 अप्रैल की दरमियानी रात्रि में हुए बहुचर्चित गोलीकांड को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी है। ऐसे में पीड़ित परिवार में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के सीमावर्ती गांव करही में 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के घर में घुसकर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने आयुष के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली आयुष के सीने और सिर में लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। इसी बीच बचाव करने आए उसके छोटे भाई आशुतोष कश्यप को भी बदमाशों ने फायरिंग कर घायल कर दिया । इसके बाद नकाबपोश वहां से भाग निकले। वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू करने का दावा किया था। दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। कॉल डिटेल की जांच हुई। सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन 15 दिन बाद भी नतीजा शून्य है। इधर पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लिए अब नेताओं और अफसरों से फरियाद करते फिर रहा है। उन्होंने बिलासपुर रेंज आई जी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है। परिवार ने बिलासपुर जाकर पुलिस महानिरीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वही जांजगीर में कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर से भी मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। मामले में जांजगीर-चाम्पा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।



आईजी दफ्तर में गुहार लगाने पहुंचे मृतक के परिजन।

### रेत खनन की वजह से गई बेटे की जान

मृतक आयुष के पिता एवं क्षेत्र के कांग्रेस नेता व व्यवसायी सम्मेलाल कश्यप लगातार आरोप लगा रहे हैं कि हत्या के पीछे अवैध रेत कारोबार का विवाद है। उनका कहना है कि कुछ रसूखदार लोगों के नाम पुलिस को दिए गए, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही वजह है कि अब गांव में चर्चा तेज हो गई है कि आखिर पुलिस की जांच किस दिशा में चल रही है? लोग सवाल पूछ रहे हैं कि जब पुलिस के पास तकनीक, संसाधन और पूरी टीम मौजूद है, तो फिर आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर कैसे हैं ।

## सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सुनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मई को एक नाबालिक बालिका अपने घर पर अकेली थी। तभी पेण्ड्री निवासी सुनील कुमार वर्मा घर में घुस गया। सुनेपन का फायदा उठाकर बालिका को धमकी देते हुए अनाचार कर वह मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना थाना पामगढ़ में दी गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पेण्ड्री निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार वर्मा को पकड़ा और जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। कार्यवाही में पामगढ थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

## चोरी की मोटरसायकल के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चोरी की मोटरसायकल के साथ पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई बाइक बेचने की फिराक में घुमते हुए आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देहान पारा नंदेली निवासी भैया राम यादव की बाइक 8 मई की रात चोरी हुई थी। रात्रि में घर के छत



उपर से घर अंदर घुस कर दरवाजा खोलकर मोटर सायकल को चोरी की गई थी। मामले की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर सायकल को पंकज कश्यप एवं उनके अन्य साथी चोरी किए हैं, और मोटर सायकल को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे है। पुलिस द्वारा पामगढ शराब भट्ठी के पास घेरा बंदी कर आरोपियों को पकड़ा जिसके कब्जे से मोटर सायकल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने भैयाराम यादव के घर से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने अंशु पटेल उर्फ चिट्टी निवासी व्यासनगर, कुलदीप भानू निवासी नंदेली, पंकज कश्यप निवासी व्यासनगर को धारा 331 (2),305 (क), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

### आनलाइन एमएसटी बनवाने की बात कहकर यात्रियों को लौटाया जा रहा बैरंग

# रेलवे टिकट काउंटर में नहीं बन रही एमएसटी, दैनिक रेलयात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के रेलवे टिकट काउंटर में एमएसटी नहीं बन पा रही है। ऐसे में दैनिक रेलयात्री हलाकान हो रहे है। एमएसटी बनवाने के लिए क्षेत्र के रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में क्लर्क के द्वारा बुकिंग काउंटर में एमएसटी नहीं बनाए जाने से परेशान रेल यात्री पंकज त्रिवेदी के द्वारा रेल प्रशासन से लिखित शिकायत करने के बाद दूसरे दिन उनका एमएसटी बन सका। रेलयात्री पंकज द्विवेदी ने बताया कि 7 मई को जब वह नगर के रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर क्रमांक




एक में क्लर्क से एमएसटी बनाने के लिए कहा तो क्लर्क ने काउंटर से एमएसटी बनाने से साफ इनकार कर दिया एवं ऑनलाइन एमएसटी बनाने की बात कहकर चलता कर दिया। रेलयात्री ने क्लर्क को बताया कि, रेलवे प्रबंधन का स्पष्ट निर्देश है कि लोगों को आनलाइन टिकट लेने प्रोत्साहित करना है, और जो मोबाइल धारक नहीं है, ऐसे लोगों से पैसे लेकर एमएसटी प्रदान करना है। यह जानकारी देने पर काउंटर क्लर्क के द्वारा विभाग के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक के द्वारा उन्हें टिकट काउंटर से एमएसटी नहीं बनाने का निर्देश देने की बात कही गई। काउंटर क्लर्क के व्यवहार से आहत रेल यात्री के द्वारा हेल्पलाइन नंबर रेल मदद में इसकी लिखित शिकायत की गई। 8 मई को हेल्पलाइन नंबर से पंकज त्रिवेदी को सूचित किया गया कि अकलतरा टिकट काउंटर से उनका एमएसटी बन जाएगा। इसके बाद पंकज त्रिवेदी ने फिर से रेल टिकट काउंटर पहुंचकर एमएसटी बनाने के लिए कहा तो क्लर्क ने दोबारा ऑनलाइन एमएसटी बनाने की बात कही। तब श्री त्रिवेदी ने रेल मदद में की गई शिकायत एवं उसके जवाब से अवगत कराया तब क्लर्क ने उच्च अधिकारियों से संपर्क किया एवं काफी समय लेने के बाद उनका एमएसटी बनाया गया। पंकज त्रिवेदी का कहना है कि रेल नियमों की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को अपना एमएसटी बनाने के लिए इतना मशक्कत करना पड़ रहा है तो बुजुर्ग ,महिला एवं ऐसे व्यक्ति जो मोबाइल अथवा ऑनलाइन लेनदेन नहीं करते हैं उनको एमएसटी बनवाने में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा।

### अधिकारियों से करेंगे चर्चा : राघवेन्द्र

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि क्षेत्र के रेल यात्रियों को टिकट काउंटर से एमएसटी बनवाने में हो रही परेशानियों की जानकारी मिली है। यदि रेलवे द्वारा केवल ऑनलाइन माध्यम से एमएसटी बनाए जाने का नियम है तो प्रत्येक रेलवे स्टेशन में यह नोटिस चस्पा करना चाहिए और यदि ऐसा नियम नहीं है तो बेवजह रेल यात्रियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। क्षेत्र के रेल यात्रियों को होने वाली परेशानियों से रेलवे के उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर इसका निराकरण किया जाएगा।

## ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से आधा दर्जन यात्री हुए घायल

**अकलतरा।** फोर लेन चौक तरौद के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आटो सवार सात यात्री घायल हो गए।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 9 मई की सुबह ग्राम खटोला से कुछ लोग ऑटो में सवार होकर ग्राम बनाहिल की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ऑटो जब नेशनल हाईवे फोरलेन चौक तरौद के पास पहुंची थी तब किसी कारणवश आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ऑटो के पलटने से घायल लोगों की चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान नगर के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजकुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल अपनी गाड़ी से घायल पूर्णिमा उम्र 20 वर्ष निवासी लखराम रतनपुर, दुर्गेश्वरी केंवट उम्र 19 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी, दुर्गा केवट उम्र 15 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी , दामिनी केंवट उम्र 10 वर्ष ग्राम पौना, उर्मी केंवट 7 वर्ष ग्राम पौना, चमेलीबाई केंवट 40 वर्ष लखराम रतनपुर एवं कौशल्या केंवट उम्र 65 वर्ष निवासी ओखरगांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल सभी सात में से तीन लोगों के सिर में गंभीर चोटे आई थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।



# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

## लाइफ Style

# अनीत
## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा,



'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज'और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।

# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते



के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'

## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने बुनियादी सुविधाओं को लेकर खोला मोर्चा



**कोरबा।** हरदीबाजार स्थित शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) मनमोहन राठौर ने तीखा रुख अपनाया है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र के अधिकारी सो रहे हैं जबकि छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी और पानी की कमी से जूझ रहे हैं। राठौर ने उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि काला हीरा कहे जाने वाले कोरबा जिले में ही छात्रों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कॉलेज फिलहाल पोटा केबिन (अस्थायी भवन) में संचालित है, जहां टिन शेड के कारण गर्मी असहनीय हो जाती है। पहले भी 2 मार्च एवं 20 अप्रैल को कलेक्टर को आवेदन दिया गया था लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी और ए.सी. जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मामला अब राजनीतिक रूप से गरमाता जा रहा है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगार उन्मुख अवसर

**कोरबा।** जिले के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को कंपनियों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा तथा भविष्य में बेहतर रोजगार संभावनाएँ विकसित होंगी। योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को लगभग 9 हजार रूपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। 6 से 9 माह की अवधि तक मिलने वाला यह कार्य अनुभव युवाओं के कौशल, आत्मविश्वास और व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करेगा। युवाओं को योजना से जोड़ने हेतु माय भारत प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की कार्यप्रणाली से जोड़ना और उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। यह योजना विशेष रूप से उन छात्रों और युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है जो पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर अपने करियर को दिशा देना चाहते हैं।

### धरमजयगढ़ की ओर रुख किए चार हाथी, तो दूसरी ओर 11 हाथियों ने तबाह की बाड़ी

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में हाथियों का उत्पात जारी है। यहां के मेड़उड़ पहाड़ में 33 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जबकि 11 हाथी पहाड़ से नीचे उतरकर धोबघट के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों का यह दल लगातार उत्पात मचाकर वन विभाग व ग्रामीणों के नाकों में दम कर दिया है। बीती रात हाथियों का 11 सदस्यीय दल धोबघट गांव के निकट पहुंच गया और वहां पर स्थित बाड़ी में प्रवेश कर वहां लगे सब्जी के पौधों को उत्पात मचाते हुए तहस-नहस कर दिया, जिससे संबंधित ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दो दिन पहले भी हाथियों का दल इसी बाड़ी में उत्पात मचाया था और सब्जी के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ तहस-नहस कर दिया था। हाथियों का झुंड दोबारा बाड़ी में घुसा और उत्पात मचाया। बाड़ी मालिक को हाथियों के उत्पात का पता आज सुबह तब चला जब वे अपने बाड़ी में पहुंचे तो उसे उजड़ा हुआ पाया। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं।

## इस वर्ष 76.78 अंक के साथ एसईसीएल ने हासिल की वेरी गुड रैंकिंग

# एसईसीएल की रेटिंग में आई गिरावट एक्सीलेंट से वेरी गुड श्रेणी में पहुंची कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के एमओयू स्कोर और रेटिंग जारी कर दी गई है। इस बार एसईसीएल की रेटिंग में गिरावट दर्ज की गई है। कंपनी को 76.78 अंक के साथ वेरी गुड रेटिंग प्राप्त हुई है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल को एक्सीलेंट रेटिंग मिली थी। रेटिंग में आई इस गिरावट का असर अब

**खास बात**

- रैंकिंग में गिरावट, एसईसीएल अधिकारियों के पीआरपी राशि में आएगी कमी

अधिकारियों को मिलने वाले परफॉर्मेंस रिलेटेड पेमेंट (पीआरपी) पर भी दिखाई देगा। पिछले वर्ष एक्सीलेंट रेटिंग मिलने के कारण एसईसीएल अधिकारियों को बेहतर पीआरपी भुगतान मिला था, लेकिन इस बार वेरी गुड रेटिंग मिलने से भुगतान राशि में कमी आने की संभावना है। एसईसीएल में करीब 2400 अधिकारी कार्यरत हैं, जिन पर इस निर्णय का सीधा प्रभाव पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया बोर्ड की 490वीं बैठक में लिए गए निर्णय के बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के एमओयू प्रदर्शन मूल्यांकन परिणामों को लेकर आधिकारिक आदेश जारी किया गया। इसमें कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों और सीएमपीडीआईएल के प्रदर्शन का मूल्यांकन शामिल किया गया है। जारी रिपोर्ट के अनुसार कोल इंडिया की चार कंपनियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त करते हुए एक्सीलेंट श्रेणी हासिल की है। इनमें सीएमपीडीआईएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल और एनसीएल शामिल हैं। इन कंपनियों का प्रदर्शन उत्पादन, परिचालन दक्षता, वित्तीय उपलब्धियों और तय लक्ष्यों की प्राप्ति के आधार पर उत्कृष्ट माना गया है। वहीं एसईसीएल के अलावा बीसीसीएल और सीसीएल को वेरी गुड रेटिंग मिली है। हालांकि एसईसीएल का स्कोर अन्य दोनों कंपनियों की तुलना में बेहतर माना जा रहा है, लेकिन पिछली बार की एक्सीलेंट रेटिंग की तुलना में यह गिरावट कंपनी प्रबंधन और अधिकारियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। रिपोर्ट में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) का प्रदर्शन सबसे कमजोर दर्ज किया गया है। कंपनी को 57.59 अंक प्राप्त हुए हैं और उसे गुड रेटिंग दी गई है। मूल्यांकन के आधार पर यह प्रदर्शन अन्य सहायक कंपनियों की तुलना में काफी नीचे माना जा रहा है। जानकारों के अनुसार एसईसीएल की रेटिंग घटने के पीछे सबसे बड़ा कारण वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपेक्षा से कम कोयला उत्पादन रहा। पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस बार कंपनी का उत्पादन सबसे कम रहा। एसईसीएल ने वर्ष 2024-25 में करीब 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया, जो निर्धारित लक्ष्य और पूर्व वर्षों के प्रदर्शन की तुलना में कमजोर माना जा रहा है। हालांकि एमओयू मूल्यांकन केवल उत्पादन के आधार पर नहीं किया जाता। इसमें परिचालन दक्षता, वित्तीय प्रदर्शन, लागत नियंत्रण, पर्यावरणीय प्रबंधन, सुरक्षा मानक, परियोजनाओं का क्रियान्वयन, उत्पादकता और प्रशासनिक क्षमता जैसे कई मानकों को भी शामिल किया जाता है। इन सभी बिंदुओं के आधार पर कंपनियों को अंक दिए जाते हैं और उसी के अनुसार उनकी रेटिंग तय होती है। एमओयू यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग प्रणाली के तहत केंद्र सरकार सार्वजनिक उपक्रमों के प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करती है। यह प्रक्रिया वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा संचालित की जाती है।

### उत्पादन लक्ष्य के आधार पर तय की जाती है रेटिंग

डीपीई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करता है और कंपनियों के वास्तविक प्रदर्शन की तुलना इन लक्ष्यों से कर उन्हें अंक और रेटिंग प्रदान करता है। रेटिंग की प्रमुख श्रेणियों में एक्सीलेंट, वेरी गुड, गुड, फेयर और पुअर शामिल हैं। इसी रेटिंग के आधार पर कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलने वाले पीआरपी की राशि तय होती है। कोल इंडिया लिमिटेड को उसकी सहायक कंपनियों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर 84.46 अंक प्राप्त हुए हैं। इसके आधार पर कंपनी को वेरी गुड रेटिंग दी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कुछ प्रमुख सहायक कंपनियों का प्रदर्शन और बेहतर रहता तो कोल इंडिया को भी एक्सीलेंट श्रेणी मिल सकती थी।

### रेटिंग के आधार पर तय होती है पीआरपी

एसईसीएल अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच इस बार की रेटिंग चर्चा का विषय बनी हुई है। खासकर पीआरपी भुगतान में संभावित कमी को लेकर अधिकारियों में असंतोष देखा जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि उत्पादन संबंधी चुनौतियों, मौसम, परिवहन बाधाओं और कई प्रशासनिक कारणों का असर कंपनी के समग्र प्रदर्शन पर पड़ा है। वहीं प्रबंधन स्तर पर अब आगामी वित्तीय वर्ष में उत्पादन और परिचालन सुधार पर विशेष जोर दिए जाने की संभावना जताई जा रही है ताकि कंपनी फिर से एक्सीलेंट श्रेणी में वापसी कर सके।

## शहीद वीर नारायण चौक से हटाई गईं सड़क किनारे दुकानें



अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करती पुलिस व प्रशासन की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मुख्य चौराहा शहीद वीर नारायण चौक में शुक्रवार को प्रशासन ने सड़क पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तन्मय खन्ना के निर्देश पर नगर

**खास बात**

- कटघोरा में प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सड़क किनारे लगाई गई अस्थायी दुकानों को हटवाया। प्रशासनिक टीम ने बिलासपुर मार्ग स्थित मुख्य चौक के आसपास सड़क किनारे फल, सब्जी, गन्ना रस, कपड़े एवं अन्य छोटे व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। इसके साथ ही चौक के चारों ओर बांस लगाकर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स को भी हटाने की कार्रवाई की गई।

प्रशासन का कहना है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से दुकानें लगने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने नाराजगी भी जाहिर की। उनका कहना था कि गर्मी के मौसम में मौसमी फल बेचकर ही उनका रोजगार चलता है, ऐसे में उन्हें हटाना गलत है। व्यापारियों ने प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था की मांग भी की। वहीं इस पूरे मामले में कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई से पहले दुकानदारों को सूचना दी गई थी, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के कारण प्रशासन को मजबूरी में कार्रवाई करनी पड़ी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर, व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका परिषद कटघोरा के सीएमओ मुद्रिका प्रसाद तिवारी, कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत, थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी सहित पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 51 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी ने बताया कि संगठन के द्वारा सामाजिक सेवा एवं मानवीय मूल्यों को समर्पित निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह का भव्य आयोजन 3 मई को रायपुर स्थित श्रीराम

**खास बात**

- छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

मंदिर परिसर में अत्यंत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। संगठन की इस अनुकरणीय पहल की सभी समाजों एवं वर्गों के लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।




सामूहिक कन्या विवाह के दौरान उपस्थित अतिथि।

समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से चयनित कुल 51 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे, जिनमें कोरबा जिले से भी 5 जोड़े शामिल रहे। सभी विवाह वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराए गए। पूरे आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा विवाह समारोह में पारिवारिक आत्मीयता एवं भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, बसना विधायक संपत अग्रवाल सहित सिंधी समाज, सिख समाज, गुजराती समाज, साहू समाज, क्षत्रिय समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक वरिष्ठ जन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। समारोह में बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। संगठन के प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशाल आयोजन की तैयारी पिछले तीन माह से लगातार की जा रही थी। विवाह हेतु ऐसे जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का चयन किया गया, जिन्हें वास्तव में सहयोग की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल विवाह सम्पन्न कराना नहीं बल्कि जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियां लाना एवं समाज में सहयोग, सेवा और संस्कार की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा नवविवाहित दंपतियों को गृहस्थ जीवन प्रारंभ करने हेतु आवश्यक सामग्रियां भी भेंट स्वरूप प्रदान की गईं। इनमें पलंग, गद्दा, रजाई, चादर, तकिया, अलमारी, प्रेशर कूकर, घरेलू बर्तन, सूटकेस, बैग, मिठाइयां एवं फल शामिल रहे। वहीं वधुओं को पाजेब एवं बिछिया तथा वरों को शेरवानी, पगड़ी एवं दुपट्टा भेंट किया गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक सियाराम अग्रवाल, जयदेव सिंघल, महेन्द्र सक्सेरिया, ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर बंसल, अनिल अग्रवाल, गोपाल सुल्तानिया, महामंत्री संजय अग्रवाल, पूर्व महामंत्री मनोज अग्रवाल, प्रांतीय महिला अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, मंगल परिणय आयोग की संयोजिका शोभा केडिया, गुंजा सुल्तानिया, ज्योति अग्रवाल सहित कोरबा से बजरंग अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, भगवती प्रसाद गोयनका सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## कोयले से भरा ट्रेलर पलटा, दबने से दादी की मौत, बाल- बाल बचे पोते

**कोरबा।** एक युवक अपनी 55 वर्षीय दादी की तबीयत बिगड़ने पर उसे मोटरसाइकिल में बैठाकर उपचार के लिए लैंगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आया हुआ था। जहां से इलाज कराकर मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर वापस लौट रहे थे कि लैंगा के समीप एक ट्रेलर के चालक ने अपनी ट्रेलर वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोड पर ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। कोयला लोड ट्रेलर पलटते ही मोटर साइकिल में सवार तीनों लोग दब गए। मौके पर वृद्ध महिला की दबने से मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले रवि कुमार अपनी दादी बालकुंवर 55 वर्ष की तबीयत बिगड़ने पर रवि अपने मोटरसाइकिल में अपनी दादी बालकुंवर और अपने रिश्तेदार



14 वर्षीय बलदेव के साथ इलाज करने के लिए लैंगा गये हुए थे। जहां से दोपहर लगभग 12 बजे इलाज करा कर तीनों मोटरसाइकिल में अपने गृह ग्राम लौट रहे थे कि लैंगा के समीप पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार कोयले से भारी ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोड पर अनियंत्रित हो गई पलट गई कोयले से भारी ट्रेलर के पलटने से कोयले के मलबे में रवि कुमार, बलदेव और उसकी दादी बालकुंवर दब गए।

## बालको ने चलाया मलेरिया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** वेदांता एल्यूमिनियम मेटल लिमिटेड की कंपनी बालको ने प्रोजेक्ट आरोग्य के अंतर्गत मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों, खासकर जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और मलेरिया की रोकथाम पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सशक्त और स्वस्थ समुदाय ही देश के विकास की नींव हैं।

### ग्राम पहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** सुशासन तिहार के तहत विकासखंड अंतर्गत कलस्टर ग्राम पंचायत पहन्दा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ज्ञापन**
क्रमांक/369/ तह./ वाचक-01/2026
नवागढ, दिनांक 23/04/2026
रा.प्र.क्र.-202601062200046/अ-6
ग्राम-नवागढ़ प.ह.नं.- 11

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण टीकाराम पिता भैयाराम अरविंद कुमार योगेश कुमार पिसरान टीकाराम जाति कुर्मी निवासी नगर पंचायत नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. हा.मु. एम. आई.जी. (जी. प्लस 01/103) कबीर नगर फेश 02 तिरंगा चौक रायपुर छ.ग. के द्वारा वसीयतकर्ता उमेंद कुंवर पति भैयाराम ने ग्राम नवागढ़ खसरा नंबर 290/1 291, 946/3,1315/2, 3518/3, 3542/3, 3542/5, 3719/1, 3802/6, 4305/4, 4418, 4692/1, 4886/1, 4939/3, 5204, 5288/1, 5318, 5320/1, 5392/2, 5424/1 कुल 19 कुल रकबा 2.622 है. आवेदकगण के नाम पर निष्पादित किया गया है वसीयतकर्ता उमेद कुंवर का देख रेख पालन पोषण सेवा सुश्रवा आवेदक गण द्वारा उक्त भूमि वसीयातनामा दिनांक 14.06.2003 निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता के मृत्यु दिनांक 11.07.2004 को हो चुकी है। एवं राम बाई पिता भैयाराम ने ख.नं. 4886/1 दिनांक 14.06.2003 को गवाहो के समक्ष अपना प्रथम एवं अंतिम वसीयतनामा इच्छा पत्र आवेदक क्रमांक 01 टीकाराम के नाम पर निष्पादित किया है। आवेदकगण खसरा नंबर 290/1, 291, 946/3, 1315/2, 3518/3, 3542/3, 3542/5, 3719/1, 3802/6, 4305/4, 4418, 4692/1, 4886/1, 4939/3, 5204, 5288/1, 5318, 5320/1, 5392/2, 5424/1 कुल 19 कुल रकबा 2.622 हे. भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदन पत्र भूईयां पोर्टल के माध्यम से न्यायालय में स्थानांतरण किया गया है।

प्रकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर आपत्तिकर्ता दिनांक 14/05/2026 के पूर्व न्यायालय में समक्ष उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील / मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार, नवागढ**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/263/तह./वा./26
शि.ना., दिनांक 06.05.2026
प्र.क्र. / स-132/2026
ग्राम-कुकदा प.ह.नं. 04

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक महेशराम कश्यप पिता खोलबहरा कश्यप जाति कुर्मी निवासी कुकदा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके दादाजी छेडूराम पिता श्रीराम का मृत्यु दिनांक 20.04.1998 को ग्राम कुकदा में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22.05.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 06.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी शिवरीनारायण**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक/02/तह./वा./26
शि.ना., दिनांक 08.04.2026
प्र.क्र. 20260506270004/ स-132/2026
ग्राम- सलखन प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक रामप्रसाद पिता बडकूराम उर्फ खीखराम जाति कुर्मी निवासी सलखन तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता अंगार बाई पति बडकुराम का मृत्यु दिनांक 28.03.2021 को ग्राम सलखन में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20.05.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी शिवरीनारायण**

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

**विभित्र पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**(एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)**
**(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभित्र सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभित्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

| D.M. L.T. | W.B.A. | M.P.H.W. | C.O.T. | G.D.A. | E.M.T. | C.O.D. | DIALYSIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | वार्डबाय असिसटेट | मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन | जनरल ड्यूटी असिंसटेट | इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन |

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत:- 40%.विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट:-

1. आवेदक.निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता:- NERDC एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग. (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
NERDC एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

.............................................(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................................
2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्म तिथि अंको मे..........................................
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........................................
6. मो.न..............................व्हाब्सएप नंबर..............................
7. शैक्षणिक योग्यता..........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## पर्यवेक्षक और सुपरवाइजर को किया गया जनगणना कीट का वितरण



**चांपा।** जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य वर्तमान में चल रहा है। जनगणना से जनकल्याण की थीम पर आधारित इसमें सभी पर्यवेक्षक और सुपरवाइजर उनकों आबंटित एलएचबी की पहचान कर प्रत्येक घरों की जानकारी मोबाईल के माध्यम से आनलाइन प्रविष्टि का कार्य कर रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए सुपरवाइजर अशोक तिवारी ने बताया कि सभी प्रगणक प्रत्येक घरों में जाकर भारत सर कार द्वारा जारी मकान से सम्बन्धित कुल 34 प्रश्नों को पूछते हुए उनके द्वारा दी गई जानकारी को एलएचओ ऐप्प में भर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मकान सूचीकरण का उद्देश्य मानव बस्तियों की स्थिति, आवास की कमी अथवा आवश्यकता के बारे में व्यापक आंकड़े एकत्रित करना है। यह कार्य आगामी 30 मई तक पूर्ण करना है। सिवनी (चांपा) में कुल 13 पर्यवेक्षक और 3 सुपरवाइजर लगातर अलग- अलग ब्लाकों में घर घर जाकर जानकारी भर रहे हैं। सम्पूर्ण आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल मोड में किया जा रहा है। आज समस्त पर्यवेक्षक और सुपरवाइजर को जनगणना कीट का वितरण किया गया। जनगणना का उद्देश्य क्षेत्र की वास्तविक जनसंख्या संबंधी आंकड़े तैयार करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके।

## छुहापाली निवासी रानी को मिली एमबीबीएस की उपाधि




**डभरा।** तहसील मुख्यालय डभरा के ग्राम छूहीपाली की रानी टंडन ने एमबीबीएस कर पुरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। एक छोटे से ग्राम छुहापली में पली बढ़ी कुमारी रानी को एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त हुई है। रानी टंडन के पिता भुनेश्वर सिंह टंडन एवं माता का भुनेश्वरी टंडन एक माध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। रानी शुरू से मेधावी छात्रा रही है उसकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई है। हायर सेकेंडरी की पढ़ाई डभरा में हुई है। रानी टंडन एमबीबीएस की उपाधि भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव से प्राप्त हुई है। उसको एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त होने से राहुल टंडन, भाभी मालीता, सरपंच श्रीमती खेमबाई घासी कर्स के साथ साथ सभी ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## घर आकर मीडिया कर्मी को धमकाया, थाने में की शिकायत

**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत देवरी में सरपंच मनीष कुमार केवट पर एक पत्रकार को उनके घर पहुंचकर धमकाने का गंभीर आरोप लगा है। पत्रकार ने सारागांव थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि विगत 2 मई को रात करीब 10:20 बजे देवरी सारागांव के एक पत्रकार के घर सरपंच मनीष कुमार केवट शराब पीकर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें धमकाया गया। समाचार प्रकाशित करने और जनहित से जुड़ी जानकारी मांगने से नाराज होकर सरपंच ने यह कृत्य किया। आरोप है कि इसी तरह की घटना पहले भी हो चुकी है। 15 जून 2025 को बारिश हुआ, बारिश से नाली का पानी आस पास के घरों में भरने लगा। नाली में पानी निकासी की समस्या पर समाचार प्रकाशित होने पर भी सरपंच और उनकी पत्नी ने धमकाने का प्रयास किया था। इस घटना को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर दबाव बनाने के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार ने इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रधान न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ, 2 करोड़ 69 लाख 75 हजार 478 रुपये का अवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत में 23 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 9 मई को किया गया। लोक अदालत में 23 हजार 877 प्रकरणों का निराकरण हुआ। प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय जांजगीर सहित तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालय में 41 खंडपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के सहयोग से कई हितग्राहियों को एक ही मंच पर न्याय मिला। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में स्वास्थ्य शिविर के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। मछुआरों को योजना के तहत आईस बॉक्स एवं नाव जाल का वितरण किया गया। श्रमिक महिलाओं एवं बच्चें बच्चियों को श्रमिक विभाग की योजनाओं के लाभ दिया गया।

वर्ष 2026 का दूसरा नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 9 मई को आयोजित हुआ। लोक अदालत का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. द्वारा जिला न्यायालय मुंगेली में दीप जलाकर किया गया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के न्यायाधीशगण को विडियो कॉन्फेंसिंग से संबोधित किया। इसके बाद सभी जिलों में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन दीप जलाकर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जयदीप गर्ग ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालय में कुल 41 खंडपीठों में रखे गये 36 हजार 445 प्रकरण में से 23 हजार 877 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं 2 करोड़ 69 लाख 75 हजार 478.50 रुपये का अवार्ड पारित हुआ। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एक.डी.आर. भवन जांजगीर में नालसा की योजनाएं नालसा (मानसिक रूप से बीमार और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग एवं न्यायाधीशगण द्वारा मत्स्य विभाग की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मछली जाल एवं आईस बॉक्स वितरित किया गया। साथ ही श्रम विभाग जांजगीर द्वारा नोनीहाल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को पन्द्रह सौ - पन्द्रह सौ रुपये की चेक राशि व मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत हितग्राहियों को बीस - बीस हजार रूपये का चेक राशि प्रदान किया गया। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सधोरी कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण कीट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। नेशनल लोक अदालत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का स्टाल लगाकर सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपस्थित गर्भवती महिलाओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होने वाले सभी आगंतुक, पक्षकारों के लिए जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर द्वारा खिचड़ी प्रसाद (अन्नदान) का वितरण कार्यक्रम किया गया।




नेशनल लोक अदालत में हितग्राहियों को चेक वितरित करते प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य।

**समझौते के बाद एक साथ घर लौटी दंपत्ती-** नेशनल लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जांजगीर के समक्ष वादी के द्वारा प्रतिवादिनी के विरुद्ध धारा 13 -क हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत विवाह - विच्छेद हेतु प्रकरण पेश किया गया था। उभयपक्षों का विवाह 9 जुलाई 2011 को हिंदी रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। उसके पश्चात उनके मध्य आपसी मतभेद एवं विवाद होने के कारण प्रतिवादानी वर्ष 2023 से पृथक रह रही थी। नेशनल लोक अदालत में उभयपक्षों के मध्य समझाईस करायी गयी। उभयपक्षों ने राजी खुशी से साथ रहने को तैयार हुए और न्यायालय से ही बच्चों सहित एक साथ रहने गए। उभयपक्षों द्वारा सहमति के आधार पर किए गए राजीनामा के परिणाम स्वरूप वादी की ओर से प्रस्तुत हुआ अंतर्गत धारा 13 -क हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 वास्ते विवाह- विच्छेद समाप्त किया गया।

### अलग रह रहे माता-पिता बच्चे की अर्जी पर साथ रहने हुए राजी

नेशनल लोक अदालत में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय जांजगीर के समक्ष प्रस्तुत भरण पोषण के एक मामले में थाना नवागढ़ के एक दंपत्ति ने अपने विवाह के 12 वर्ष बाद अलग होने के लिए मामला तैयार किया था। उक्त दंपत्ति लंबे समय से पृथक पृथक रह रहे थे। न्यायालय के समक्ष दंपत्ति के बालक ने न्यायालय से माता-पिता को एक करने की गुजारिश की, जिस पर न्यायालय द्वारा दंपत्ति को वैवाहिक जीवन व परिवार का महत्व बताते हुए समझाईश दी गयी, तत्पश्चात लोक अदालत में दंपत्ति अपना विवाह समाप्त कर एक साथ जाने को सहमत हुए। इस प्रकार अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल के कुटुंब न्यायालय में 40 प्रकरण समाप्त हुए। न्यायाधीश द्वारा साथ जाने वाले दंपत्तियों को मीठा खिलाकर वह एक दूसरे को माला पहनवा कर विदा किया गया। परिवार न्यायालय जांजगीर के इस पल के साक्षी पक्षकारगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय के स्टाफ बने।

## नगर सूरज शिविर में मिले 109 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

छत्तीसगढ़ शासन के महती योजना के तहत 8 मई को नगर के बाजार चौक स्थिति सामुदायिक भवन में नगर सुराज शिविर सुबह 10:30 से 4 बजे तक आयोजित हुआ। शिविर में 109 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 8 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में 12 विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनारायण यादव ने बताया कि शिविर में 40 आवेदन नगरी प्रशासन को मिला है। उनहोंने बताया कि शिविर में 12 विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर मे प्रभारी नायब तहसील अभिषेक यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनारायण यादव, उप अभियंता मोनिका, पटवारी नरेंद्र पटेल, न पा अध्यक्ष छबिलाल सूर्यवसी, रविशंकर पांडेय केशव करियारे, लेखाधिकारी दीपचंद देवांगन, सौरभ शर्मा, स्वच्छता प्रभारी गौरी शंकर राठौर, टीकाराम बरेठ, बाबूलाल यादव, अरुण राठौर, संतोष देवांगन, विनय राठौर, विनय कुमार राठौर, अरुण राठौर, अभय बोन्की राठौर, संजय राठौर, तुलाराम रत्नाकर सहित अधिकारी कर्मचारी नगर पंचायत अधिकारी व कर्मचारियों मितानीने उपस्थित रहे। शिविर में शिक्षा विभाग से सुरेश देवांगन, ज्योति राठौर, महिला बाल विकास के गोविंद देव प्रभारी एव सी चंद्रा सहित सेक्टर प्रभारी नगर आंगनबाड़ी कार्यकत्ता प्रमुख नगर आंगनवाड़ी मुखिया अलका पांडेय सहकारिता विभाग से शाखा प्रबंधक पत्र प्रमोद कुमार वैष्णव कृषि विभाग प्रभारी रोहित पटेल सेवा सहकारी समिति से प्रभारी रामविलास राठौर राजकुमार राठौर लक्ष्मी राठौर पशु चिकित्सा से डां पदमीनी सी कंवर आयुष विभाग चंपा के प्रभारी शेख विपुल डॉ कंचन यादव, त्रिभुवन साहू, केशव तिवारी, सुमित सहित अन्य उपस्थित थे।

## अकलतरा विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिले विधायक राघवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं नगरहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति हेतु अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक राघवेंद्र सिंह ने अकलतरा बायपास सड़क निर्माण, अकलतरा नगर में सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम/मल्टीपरपज कम्युनिटी भवन निर्माण, बलौदा-नैला सड़क मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण तथा बलौदा बायपास सड़क निर्माण के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी।



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बलौदा बायपास के शेष कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा अन्य प्रस्तावित विकास कार्यों को जल्द प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ शासन स्तर पर उठा रहे हैं।

## रेडक्रास के नन्हे सितारों ने राज्य स्तर पर बिखेरी चमक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- विश्व रेडक्रास दिवस पर राज्य स्तरीय आयोजन में लोक नृत्य में हासिल किया प्रथम स्थान

रायपुर के श्री अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय रेडक्रास दिवस कार्यक्रम में सक्ती जिले के छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता दल को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस गरिमामय अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तोमन साहू एवं जनरल सेक्रेटरी रूपल पुरोहित सहित प्रदेश के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सक्ती जिले की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी का प्रेरणादायी नेतृत्व तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज का कुशल मार्गदर्शन रहा है।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं प्रतिभागी छात्र-छाद्वाएं।

अधिकारियों के उत्साहवर्धन और सतत सहयोग ने विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और सीमित समय की चुनौतियों के बावजूद श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के दो शिक्षकों श्रीमती कमला दपी गवेल प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल परसदा खुर्द तथा राजेश कुमार नायक व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा 'जूनियर रेडक्रास उत्कृष्ट काउंसलर अवार्ड' से नवाजा गया। जूनियर रेडक्रास सोसायटी के अंतर्गत सक्ती जिले से पंजीकृत 24 छात्र-छात्राओं और 5 प्रभारी शिक्षकों के दल ने नृत्य, नाटक और चित्रकला जैसी विविध प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में कविता चंद्रा, एशिका आदिले, मेहर आदिल, मुस्कान बंजारे, स्वरा भारद्वाज, संध्या, अदिति चंद्रा, वेदिका चौहान, नंदिनी चौहान, प्रतिमा कर्ष, हिमांशी सिदार, सोनिया सिदार, वसुंधरा सिंह, कामिनी पटेल, संध्या सिदार, ममता पटेल, बबीता चौहान, यशोदा, सीमा लहरे, करुणा साहू, काजल साहू, प्रिया कंवर, तनिया बरेठ एवं सुमन पटेल ने अपनी प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। बच्चों के मार्गदर्शन में राजेश कुमार नायक, श्रीमती कमलादपी गवेल, श्रीमती जयंती खमारी, महेन्द्र चंद्रा एवं श्रीमती चंचला चंद्रा, हरा सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भाजपा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर, जनसंपर्क अभियान को गति देने बनाई रणनीति

**शिवरीनारायण।** भारतीय जनता पार्टी शिवरीनारायण मंडल की मासिक बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसंपर्क पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर आम लोगों के बीच पहुंचने तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ललित कश्यप ने युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने पर जोर दिया बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा आम नागरिकों से लगातार संवाद बनाए रखने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, महामंत्री विष्णु गुप्ता, दिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, समीर वैष्णव जिला मंत्री, रमेश मोदी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, ललित कश्यप, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष स्नेहलता सोनी, संदीप यादव, रमेश केशरवानी, अभिजीत पांडेय एवं बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए छात्रा किरण का चयन

**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की छात्रा कुमारी किरण निर्मलकर का चयन जम्मू-कश्मीर के युवा सेवा एवं खेल निदेशालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव एवं "विकसित जम्मू एंड कश्मीर यंग लीडर डायलॉग" कार्यक्रम "आरोहण 2026" हेतु किया गया है। यह प्रतिष्ठित आयोजन 11 से 14 मई तक शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, श्रीनगर में आयोजित होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में किरण निर्मलकर का चयन किया गया है। विशेष बात यह है कि वह जिले से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिय एवं प्रतिभावान स्वयंसेवक किरण इससे पूर्व दिल्ली में आयोजित "माई भारत यंग लीडर डायलॉग" कार्यक्रम में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। किरण, झलमला निवासी मुकुंद शरण निर्मलकर एवं श्रीमती सविता निर्मलकर की पुत्री हैं।



कॉलेज के लिए संभावित स्थलों का किया गया निरीक्षण

# नवीन कन्या महाविद्यालय की स्थापना को लेकर पालिका में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में बहुप्रतीक्षित नवीन कन्या महाविद्यालय की स्थापना को लेकर नगर पालिका में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ठाकुर छेदी लाल महाविद्यालय जांजगीर के प्राचार्य डी.बी. लहरे, एम.एम.आर. महाविद्यालय के प्राचार्य एच.पी. खैरवार सहित प्रो. नीलिमा पांडे, मीनाक्षी चन्द्रा, डॉ. सुनीता राठौर, डॉ. एल.पी. तिवारी एवं डॉ. एल.पी. मिरी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, अधिकारीगण एवं पार्षदों की उपस्थिति में चांपा में नवीन कन्या महाविद्यालय स्थापित करने हेतु प्रस्ताव भेजने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान महाविद्यालय के लिए उपयुक्त स्थल चयन को लेकर भी गंभीर मंथन हुआ। प्रस्तावित स्थलों में आत्मानंद स्कूल के पीछे का क्षेत्र, कुरदा हनुमान धारा एवं चरण नगर सहित अन्य संभावित स्थलों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक उपरांत संबंधित स्थलों का निरीक्षण भी किया गया।उल्लेखनीय है कि चांपा में कन्या महाविद्यालय की मांग वर्षों पुरानी रही है। स्थानीय छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे अनेक परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह मांग लंबे समय से नगरवासियों की आकांक्षा रही है, जो अब साकार होती नजर आ रही है। इस महत्वपूर्ण पहल को आगे बढ़ाने में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव विशेष रुचि लेते हुए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में नगर पालिका द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। यदि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलती है तो चांपा नगर सहित आसपास की बेटियों को अपने ही शहर में उच्च शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा, जिससे न केवल शिक्षा के स्तर में वृद्धि होगी बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।



बैठक में विचार विमर्श करते पालिका अध्यक्ष, अधिकारीगण व पार्षद।

